रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 181] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 1, 2014/चैत्र 11, 1936
No. 181] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 1, 2014/CHAITRA 11, 1936

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मार्च, 2014

सा.का.नि. 249 (अ).- केंद्रीय सरकार, कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 469 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 196 की उपधारा (4), धारा 197 की उपधारा (5) और उपधारा (12), धारा 200, धारा 198 की उपधारा (1), धारा 203 की उपधारा (1), धारा 204 की उपधारा (1) और धारा 205 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और कंपनी (केन्द्रीय सरकार की कंपनियां) साधारण नियम और प्ररूप, 1959 अथवा कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन इन नियमों के अधीन आने वाले विषयों पर सुसंगत नियमों का अधिक्रमण करते हुए, सिवाय उन बातों के जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ –

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 है।

(2) ये नियम 1 अप्रैल, 2014 को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं – (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "अधिनियम" से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) अभिप्रेत है;

(ख) "उपाबंध" से इन नियमों का उपाबंध अभिप्रेत है;

(ग) "फीस" से कंपनी (पंजीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में विहित फीस अभिप्रेत है;

(घ) "प्रादेशिक निदेशक" से केंद्र सरकार द्वारा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में प्रादेशिक निदेशक के रूप में नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ङ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(2) इन नियमों में प्रयुक्त शब्दों और अभिव्यक्तियां, जो इन नियमों में परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम में परिभाषित है, के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में दिए गए हैं।

3. नियुक्ति करना – कंपनी, प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), कंपनी सचिव और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) की नियुक्ति के छः दिन के भीतर नियुक्ति का विवरण इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट फीस सहित प्रपत्र संख्या **एमआर-1** में रजिस्ट्रार के पास दायर करेगी।

4. बैठक फीस – (1) कंपनी बोर्ड या उसकी किसी समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए किसी निदेशक को बैठक फीस का संदाय कर सकेगी, निदेशक मंडल द्वारा यथानिर्णित ऐसी राशि बोर्ड अथवा उसकी समिति की प्रत्येक बैठक के लिए एक लाख रुपए से अधिक नहीं होगीः

परंतु स्वतंत्र निदेशकों और महिला निदेशकों के लिए बैठक फीस अन्य निदेशकों को संदत्त बैठक फीस से कम नहीं होगी।

5. बोर्ड की रिपोर्ट में प्रकटीकरण – (1) प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी बोर्ड की रिपोर्ट में निम्नलिखित का प्रकटीकरण करेगी –

(i) किसी वित्त वर्ष के लिए कंपनी के प्रत्येक निदेशक का पारिश्रमिक और कंपनी के कर्मचारियों के पारिश्रमिक के औसत का अनुपात;

(ii) किसी वित्त वर्ष में प्रत्येक निदेशक, मुख्य वित्तीय अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कंपनी सचिव अथवा प्रबंधक, यदि कोई हो, के पारिश्रमिक में वृद्धि का प्रतिशत;

(iii) किसी वित्त वर्ष में कर्मचारियों के औसत पारिश्रमिक में प्रतिशत वृद्धि;

(iv) कंपनी के स्थायी कर्मचारियों की संख्या;

(v) पारिश्रमिक में औसत वृद्धि और कंपनी के कार्य निष्पादन के बीच संबंध पर स्पष्टीकरण;

(vi) प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के पारिश्रमिक की तुलना में कंपनी का कार्य निष्पादन;

(vii) सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में कंपनी के बाजार पूंजीकरण में विचलन, वर्तमान वित्त और पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तारीख को मूल्य प्राप्ति अनुपात और कंपनी जिस दर पर पिछली लोक प्रस्थापना लेकर आई थी उसकी तुलना में कंपनी के शेयरों की बाजार बोली में कमी पर प्रतिशत वृद्धि, और असूचीबद्ध कंपनी के मामले में, वर्तमान वित्त वर्ष और पिछले वित्त वर्ष की समाप्ति पर कंपनी के निवल मूल्य में विचलन;

(viii) पिछले वित्त वर्ष में प्रबंधकीय कार्मिक को छोड़कर अन्य कर्मचारियों के वेतन में की जा चुकी औसत प्रतिशत वृद्धि और प्रबंधकीय पारिश्रमिक में प्रतिशत वृद्धि से इसकी तुलना तथा उसका औचित्य और यह भी बताएं कि क्या प्रबंधकीय पारिश्रमिक में वृद्धि का कारण कोई असाधारण परिस्थिति है;

(ix) प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के प्रत्येक पारिश्रमिक की कंपनी के कार्य निष्पादन से तुलना;

(x) निदेशकों द्वारा लिए गए पारिश्रमिक के किसी परिवर्तनशील घटक के लिए प्रमुख मानक;

IndiaCode

(xi) सर्वाधिक पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले निदेशक के पारिश्रमिक और उन कर्मचारियों के पारिश्रमिक का अनुपात जो निदेशक नहीं हैं किन्तु सर्वाधिक पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले निदेशक से वर्ष के दौरान, अधिक पारिश्रमिक प्राप्त करते हैं; और

(xii) यह प्रतिज्ञान कि पारिश्रमिक कंपनी की पारिश्रमिक नीति के अनुरूप है।

स्पष्टीकरण 1 - इस नियम के प्रयोजनों के लिए, (i) "माध्यिका" पद से संख्या के उच्चतर आधे से निम्नतर आधे को पृथक करने पर प्राप्त अंकीय मूल्य अभिप्रेत है और अंकों की परिमित सूची के माध्यिका न्यूनतम मूल्य से उच्चतम मूल्य तक सभी प्राप्तियों को क्रमबद्ध करते हुए उसका मध्य निकालकर प्राप्त किया जा सकता है;

(ii) यदि पर्यवेक्षणों की संख्या सम है तो माध्यिका दो मध्य मूल्यों का औसत मूल्य होगी।

(2) बोर्ड की रिपोर्ट में कंपनी के उस प्रत्येक कर्मचारी का नाम दर्शाने वाला विवरण शामिल होगा, जो-

(i) यदि पूरे वित्त वर्ष में नियोजित था तो, उसने उस वर्ष के लिए जो पारिश्रमिक प्राप्त किया उसका कुल योग साठ लाख रुपए से कम नहीं था;

(ii) यदि वित्त वर्ष के किसी भाग के लिए नियोजित था तो उस वर्ष के किसी भाग के लिए उसने ऐसी दर पर पारिश्रमिक प्राप्त किया हो जिसका कुल योग प्रतिमाह पांच लाख रुपए से कम न हो;

(iii) यदि पूरे वित्त वर्ष अथवा उसके किसी भाग के लिए नियोजित था तो उस वर्ष के लिए कुल पारिश्रमिक प्राप्त किया अथवा, यथास्थिति, ऐसी दर पर प्राप्त किया जो, प्रबंध निदेशक अथवा पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक के वेतन से अधिक था और जो स्वयं अथवा अपने पति/पत्नी और आश्रित बच्चों के साथ कंपनी के इक्विटी शेयरों का न्यूनतम 2 प्रतिशत धृत करता है।

(3) उप-नियम (2) में निर्दिष्ट विवरण में निम्नलिखित भी उपदर्शित किया जाएगा –

(i) कर्मचारी का पदनाम;

(ii) प्राप्त पारिश्रमिक;

(iii) नियोजन की प्रकृति, संविदात्मक अथवा अन्यथा;

(iv) कर्मचारी की अर्हताएं और अनुभव;

(v) नियोजन प्रारंभ होने की तारीख;

(vi) ऐसे कर्मचारी की आयु;

(vii) ऐसे कर्मचारी का कंपनी में कार्यग्रहण से पूर्व नियोजन;

(viii) उपर्युक्त उप-नियम (2) के उप-खंड (iii) के अर्थान्तर्गत कंपनी में कर्मचारी द्वारा धृत इक्विटी शेयरों का प्रतिशत; और

(ix) क्या ऐसा कोई कर्मचारी कंपनी के किसी निदेशक या प्रबंधक का नातेदार है और यदि हां तो, ऐसे निदेशक या प्रबंधक का नामः

परंतु भारत के बाहर किसी देश में तैनात और कार्यरत ऐसे कर्मचारियों के ब्यौरे जो निदेशक नहीं हैं अथवा उनके संबंधी नहीं हैं, किन्तु प्रति वित्त वर्ष में, यथास्थिति, साठ लाख रुपए अथवा पांच लाख रुपए प्रति माह से अधिक, का अंतरण करते हों, भले ही बोर्ड के विनिश्चय के अनुसार बोर्ड की रिपोर्ट में सदस्यों को परिचालित नहीं किए गए हों किन्तु ऐसे ब्यौरे कंपनी रजिस्ट्रार के समक्ष वित्तीय विवरण और वार्षिक रिपोर्ट फाइल करते समय फाइल किए जाएंगेः

परंतु यह और कि किसी शेयरधारक द्वारा किसी ऐसी वार्षिक साधारण बैठक की तारीख से पूर्व किए गए लिखित विनिर्दिष्ट अनुरोध पर यह ब्यौरे उपलब्ध कराए जाएंगे जिसमें सुसंगत वित्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण शेयरधारकों द्वारा अपनाया जाना प्रस्तावित हो और ऐसे ब्यौरे शेयरधारकों से प्राप्त ऐसे अनुरोध की प्राप्ति की तारीख से तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराए जाएंगेः

परंतु यह भी कि वार्षिक साधारण बैठक पूर्ण होने की तारीख के पश्चात भी प्राप्त अनुरोध के मामले में ऐसे ब्यौरे शेयरधारकों को ऐसे अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से सात दिन के भीतर उपलब्ध कराए जाएंगे।

6. केंद्रीय सरकार को आवेदन –

केंद्रीय सरकार अथवा कंपनी निम्नलिखित का ध्यान रखेंगे, अर्थात्:-

(1) पूर्ववर्ती तीन वर्ष के दौरान कंपनी का वित्तीय और प्रचालन कार्य निष्पादन।

(2) पारिश्रमिक और कार्य निष्पादन के बीच संबंध।

(3) कंपनी के भीतर पारिश्रमिक की समानुपातिकता का सिद्धांत, आदर्शतः एक रेटिंग प्रणाली द्वारा जिसमें निदेशकों के पारिश्रमिक की तुलना बोर्ड के ऐसे अन्य निदेशकों के पारिश्रमिक से की जाती है जो कंपनी के कर्मचारियों अथवा कार्यकारियों से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त करता है।

(4) क्या निदेशकों के लिए पारिश्रमिक नीति से भिन्न है और यदि हां तो, इस भिन्नता के लिए स्पष्टीकरण।

(5) पिछले वित्त वर्ष की समाप्ति पर गिरवी रखे गए शेयरों के विकल्प और ब्यौरे सहित निदेशक द्वारा धृत प्रतिभूतियां।

7. फीस - (1) अध्याय XIII के उपबंधों के अधीन केंद्रीय सरकार को किया गया प्रत्येक आवेदन प्रपत्र **सं. एमआर-2** में किया जाएगा और इसके साथ इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट फीस संलग्न होगी।

(2) सूचीबद्ध कंपनियों और किसी सूचीबद्ध कंपनियों की अनुषंगी कंपनी से भिन्न अन्य कंपनियां केंद्रीय सरकार के अनुमोदन के बिना, कोई लाभ नहीं होने अथवा अपर्याप्त लाभ होने की स्थिति में, निम्नलिखित शर्तों के अधीन अपने प्रबंधकीय व्यक्ति को अनुसूची V के भाग II, खंड II में विनिर्दिष्ट अधिकतम सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्रदान कर सकती हैः-

(i) पारिश्रमिक संदाय बोर्ड द्वारा पारित किसी संकल्प द्वारा अनुमोदित है और, धारा 178 की उपधारा (1) के अंतर्गत आने वाली कंपनी के मामले में नाम-निर्देशन और पारिश्रमिक समिति, यदि कोई हो, द्वारा भी अनुमोदित हो, और ऐसा करते हुए उक्त सीमा से अधिक पारिश्रमिक के संदाय का स्पष्ट कारण और औचित्य लिखित में अभिलिखित किया जाएगा;

(ii) कंपनी ने ऐसे प्रबंधकीय व्यक्ति को अदायगी की तारीख से पहले पिछले वित्त वर्ष में तीस दिनों की लगातार अवधि के लिए अपने ऋणों (सार्वजनिक जमा सहित) अथवा डिबेंचरों अथवा उस पर देय ब्याज, अधिमान शेयरों तथा अधिमान शेयरों पर ब्याज की अदायगी में कोई व्यतिक्रम नहीं किया हो;

IndiaCode

(iii) तीन वर्ष से अनाधिक अवधि के लिए, पारिश्रमिक के संदाय के लिए कंपनी की साधारण बैठक में विशेष संकल्प के माध्यम से शेयरधारकों का अनुमोदन;

(iv) उपर्युक्त उप-नियम (2) के खंड (iii) में निर्दिष्ट साधारण बैठक बुलाने की सूचना के साथ एक विवरण भी होगा जिसमें अधिनियम की अनसूची V के भाग II के खंड II के खंड (ख) के द्वितीय परंतुक के उप-खंड (iv) के अनुसार कथित सीमा से अधिक पारिश्रमिक के संदाय के कारण और औचित्य सहित सूचना शामिल होगी;

(v) कंपनी ने कंपनी रजिस्ट्रार के समक्ष फाइल करने हेतु विहित तुलन-पत्र और वार्षिक विवरणी दायर की हो;

(3) केंद्रीय सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु ऐसा प्रत्येक आवेदन ऐसी नियुक्ति की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर किया जाएगा।

8. प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति –

प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी और दस करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक की संदत्त शेयर पूंजी वाली प्रत्येक सार्वजनिक कंपनी में पूर्णकालिक मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक होगा।

9. सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट – (1) धारा 204 की उपधारा (1) के प्रयोजनों के लिए, कंपनियों के अन्य वर्ग निम्नानुसार हैः

(क) पचास करोड़ रुपए या उससे अधिक की संदत्त शेयरपूंजी वाली प्रत्येक सार्वजनिक कंपनी; अथवा

(ख) दो सौ पचास करोड़ रुपए या उससे अधिक की टर्नओवर वाली प्रत्येक सार्वजनिक कंपनी।

(2) सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट का प्ररूप प्रपत्र संख्या **एमआर-3** में होगा।

10. कंपनी सचिव के दायित्व –

कंपनी सचिव निम्नलिखित दायित्वों का निर्वहन भी करेगा, अर्थात –

(1) कंपनी के निदेशकों को, सामूहिक रूप से या व्यष्टिक रूप से, उनके दायित्वों, दायित्वों और शक्तियों के संबंध में उनकी अपेक्षानुसार मार्ग-निर्देश उपलब्ध करना;

(2) बैठकों के आयोजन को सुकर बनाना और बोर्ड, समिति और आम बैठकों में भाग लेना तथा इन बैठकों के कार्यवृत्त का रखरखाव करना;

(3) बोर्ड, साधारण बैठक और सरकार तथा अधिनियम के उपबंधों के अधीन अपेक्षित अन्य प्राधिकारियों का अनुमोदन प्राप्त करना;

(4) अधिनियम के अधीन विभिन्न दायित्वों के निर्वहन के संबंध में अधिनियम के अधीन विभिन्न विनियामकों, अधिकरण और अन्य प्राधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधित्व करना;

(5) कंपनी के कार्यों के संचालन में बोर्ड की सहायता करना;

(6) अच्छा कारपोरेट शासन सुनिश्ति करने और कारपोरेट शासन अपेक्षाओं तथा सर्वोत्तम व्यवहारों के अनुपालन में बोर्ड की सहायता करना और सलाह देना;

(7) अधिनियम अथवा नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट अन्य दायित्वों का निर्वहन; और

(8) ऐसे दायित्व जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर सौंपे जाएं।

IndiaCode

प्रपत्र सं. एमआर1 **[धारा 197 के साथ पठित धारा 196 तथा अनुसूची-V के अनुसरण में तथा कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 3 के अनुसरण में]**	सत्यमेव जयते	**प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति का विवरण**

प्रपत्र की भाषा .....अंग्रेजी .....हिंदी

प्रपत्र दाखिल करने के लिए निर्देशों का संदर्भ लें

1. (क) कंपनी की कारपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन).....(पूर्व पूरित)
   (ख) कंपनी की वैश्विक अवस्थिति संख्या (जीएलएन).....
2. (क) कंपनी का नाम .....
   (ख) कंपनी के पंजीकृत कार्यालय का पता .....
   .....
   .....
3. (क) निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) या आयकर
   स्थायी खाता संख्या (पीएएन) या सदस्यता संख्या.....
   (ख) नाम .....
4. पदनाम .....प्रबंधक..... प्रबंध निदेशक ..... पूर्णकालिक निदेशक.....
   सीईओ.....सीएफओ .....सचिव
5. निदेशक मंडल द्वारा संकल्प की तिथि ..... (दिन/माह/वर्ष)
6. नियुक्ति की प्रभावी तारीख.....(दिन/माह/वर्ष)
7. पारिश्रमिक समेत नियम और शर्तें
   (क) पारिश्रमिक .....प्रतिमाह .....प्रतिवर्ष
   i वेतन (रू. में) .....
   ii पूर्वापेक्षा (रू. में) .....
   iii अन्य (रू. में) .....
   iv (i) और (iii) का कुल योग (रू. में .....

   (ख) नियुक्ति की अवधि ..... से (दिन/माह/वर्ष)
   ..... तक (दिन/माह/वर्ष)
   (ग) अन्य शर्तें, यदि कोई हो
   .....
   .....

8. *(क) क्या नियुक्त व्यक्ति की आयु 70 वर्ष से ज्यादा है .....हां .....नहीं
   (ख) यदि हां, तो नियुक्ति को अनुमोदित करने के लिए पक्षकारों द्वारा विशेष संकल्प पारित करने की तिथि.....
   (ग) संबंद्ध प्रपत्र सं. एमजीटी.14 का एसआरएन (विशेष संकल्प दाखिल करने के लिए).....
9. *(क) क्या नियुक्त व्यक्ति को अनुसूची V के भाग-I में उल्लिखित किसी अधिनियम में अपराधी या दोषी ठहराया गया है।
   .....हां.....नहीं

IndiaCode

(ख) यदि हां, तो केन्द्र सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने की तारीख.....

10. *(क) क्या आम सभा में उक्त नियुक्ति के लिए सदस्यों से अनुमोदन लिया गया था .....हां.....नहीं

(ख) यदि हां, तो संकल्प पारित करने की तारीख .....

(ग) प्रपत्र सं. एमजीटी.14 का एसआरएन (विशेष संकल्प दाखिल करने के लिए).....

11. * (क) क्या नियुक्त व्यक्ति को अधिनियम की धारा 164 के तहत निदेशकों की नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित किया गया है .....हां.....नहीं

12. (ख) यदि हां, तो ब्यौरे दें.....

.....

.....

संलग्नक

1)*बोर्ड संकल्प की प्रति	**(संलग्न करें)**
2) पक्षकारों के संकल्प की प्रति	**(संलग्न करें)**
3) केंद्र सरकार के अनुमोदन की प्रति, यदि कोई हो	**(संलग्न करें)**
4) प्रबंध निदेशक/पूर्णकालिक निदेशक/प्रबंधन/सीआईओ/सीएफओ/सचिव के रूप में कार्य करने हेतु सहमति-पत्र	**(संलग्न करें)**
5) कंपनी की नामांकन तथा पारिश्रमिक समिति का इस आशय के प्रमाणपत्र की प्रति, यदि कोई हो कंपनी की पारिश्रमिक नीति के अनुसार पारिश्रमिक दिया जा रहा है।	**(संलग्न करें)**
6) वैकल्पिक संलग्नक, यदि कोई हो	**(संलग्न करें)**

IndiaCode

घोषणा

मैं कंपनी की निदेशक मंडल के संकल्प संख्या.....तारीख.....द्वारा इस प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत हूं तथा यह घोषित करता हूं कि इस प्रपत्र या इससे संबंद्ध मामलों की विषयवस्तु के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बने नियमों की सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त दी गई सभी सूचना इस प्रपत्र के संलग्नकों समेत सत्य, सही और पूर्ण है तथा इस प्रपत्र से संबंधित कोई सूचना नहीं छिपाई गई है।

***डिजटल हस्ताक्षर हेतु (डीएससी बॉक्स)**

*पदनाम.....

* निदेशक का डीआईएन, प्रबंधक या सीईओ या सीएफओ का डीआईएन या पीएएन या कंपनी सचिव की सदस्यता संख्या .....

प्रैक्टिस कर रहे व्यावसायिकों द्वारा प्रमाण-पत्र

मैं यह घोषित करता हूं कि मुझे इस प्रपत्र के प्रमाणन के प्रयोजनार्थ विहित रूप से नियुक्त किया गया है। एतदद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस प्रपत्र की विषयवस्तु और उससे संबंधित मामलों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के उपबंधों का अध्ययन किया है और उपर्युक्त विवरणों (संलग्नकों समेत) का सत्यापन कंपनी द्वारा रखे गए

मूल अभिलेखों से किया है जो इस प्रपत्र की विषयवस्तु है और यह पाया है कि वे सत्य, सही और पूर्ण है तथा इस प्रपत्र से संबंधित कोई सूचना नहीं छिपाई गई है। मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि ;

(क) उक्त रिकॉर्ड उचित ढंग से तैयार किए गए है कंपनी के अपेक्षित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हैं तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के संगत प्रावधानों के अनुसार रखे गए हैं तथा सही पाए गए हैं,

(ख) सभी अपेक्षित संलग्नक पूर्ण और स्पष्ट रूप से प्रपत्र के साथ संलग्न किए गए है।

***डिजीटल हस्ताक्षर करने हेतु**

....चार्टर्ड अकाउंटेट (पूर्णकालिक प्रैक्टिस में)या (डीएससी बॉक्स)
....लागत लेखाकार (पूर्णकालिक प्रैक्टिस में)या
....कंपनी सचिव (पूर्णकालिक प्रैक्टिस में)
क्या एसोसिएट या फैलो है .... एसोसिएट..... फैलो
सदस्यता सं..... प्रैक्टिस सं. का प्रमाणपत्र

नोटः धारा 448 तथा 449 की ओर ध्यान दिलाया जाता है जिसमें झूठे विवरण के लिए दंड तथा झूठे साक्ष्य के लिए दंड का प्रावधान है।

.....संशोधित..... फॉर्म चेक करें.....पूर्व संवीक्षा.....प्रस्तुत

सिर्फ कार्यालय प्रयोग हेतु .....(दायर करने संबंधी विवरण संबद्ध करें)

ई-फॉर्म सेवा अनुरोध सं. (एसआरएन).....ई –फॉर्म जमा करने की तारीख .....(दिन/माह/वर्ष)

इस ई-फॉर्म को एतदद्वारा पंजीकृत किया जाता है

प्राधिकृत अधिकारी के डिजीटल हस्ताक्षर ..... (जमा करने की पुष्टि करें)

हस्ताक्षर की तिथि.....(दिन/माह/वर्ष)

IndiaCode

प्रपत्र सं. एमआर 2 **[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 196,197,200,201(1), 203(1) तथा अनुसूची-V और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 7 के अनुसरण में]**	सत्यमेव जयते	**प्रबंध निदेशक या पूर्णकालिक निदेशक या प्रबंधक की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति तथा पारिश्रमिक या पारिश्रमिक में वृद्धि या अतिरिक्त भुगतान का अधित्याग तथा निदेशकों को कमीशन या पारिश्रमिक का अनुमोदन देने के लिए केंद्र सरकार को दिए जाने वाले आवेदन का प्रपत्र**

प्रपत्र की भाषा .....अंग्रेजी .....हिंदी

प्रपत्र दाखिल करने के लिए निर्देशों का संदर्भ लें

1. (क) *कंपनी की कारपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन).....(पूर्व पूरित)
   (ख) कंपनी की वैश्विक अवस्थिति संख्या (जीएलएन).....
2. (क) कंपनी का नाम .....
   (ख) कंपनी के पंजीकृत कार्यालय का पता .....
   .....
   (ग) *कंपनी की ई-मेल आईडी .....
3. निगमीकरण की तारीख .....(कैलेंडर) (दिन/माह/वर्ष)
4. (क) *यह प्रपत्र निम्नलिखित के लिए केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए दाखिल किया जा रहा है।

   *अनुसूची V के भाग-I के अनुपालन किए बिना नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति
   *निवल लाभ 11 प्रतिशत से ज्यादा होने पर पारिश्रमिक का भुगतान
   *वित्तीय विशेष वर्ष के दौरान दिए गए अतिरिक्त पारिश्रमिक का अधित्याग
   *अनुसूची-V में निर्धारित सीमाओं से ज्यादा पारिश्रमिक का भुगतान

   (ख) क्या आवेदन समय पर दाखिल किया गया है

   .....हां.....नहीं

5. (1) प्रस्तावित नियुक्ति या व्यक्ति के विवरण जिसके लिए आवेदन दाखिल किया गया है
   निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) या आयकर स्थायी खाता सं. (आयकर पैन).....(पूर्व पूरित)

   नाम.....
   पता.....
   पिता का नाम.....
   राष्ट्रीयता.....
   जन्म तिथि..... (कैलेंडर) (दिन/माह/वर्ष)
   जन्म स्थान .....
   नियुक्त व्यक्ति या व्यक्ति की शैक्षिक, व्यावसायिक अर्हताएं तथा संक्षिप्त लाभ जिसके संबंध में आवेदन दाखिल किया गया है।

IndiaCode

.....

.....

अनुभव.....वर्ष.....माह.....

(2) नियुक्त व्यक्ति यदि विदेशी नागरिक है तो निम्नलिखत ब्यौरे भी प्रस्तुत करें

.....

(i) आईएसओ कंट्री कोड

(ii) देश

(iii) पासपोर्ट सं.

(iv) पासपोर्ट की वैधता

(v) व्यवसाय

6. (क) क्या

.....नियुक्त है.....पुनर्नियुक्त है

(ख) नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति की प्रभावी तारीख .....(कैलेंडर) (दिन/माह/वर्ष)

(ग) प्रस्तावित पद.....

7. (क) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-V के भाग-I का कौन से खंड/खंडों का अनुपालन नहीं किया गया है।

(ख) धारा और अधिनियम, जिसके तहत नियुक्त व्यक्ति को दोषी या अपराधी ठहराया गया था।

(ग) अपराध के ब्यौरे जिसके कारण प्रस्तावित नियुक्त व्यक्ति को अयोग्य करार किया गया है।

8. (क) क्या प्रस्तावित नियुक्ति या व्यक्ति, जिसके लिए आवेदन दाखिल किया गया है, अधिनियम की धारा 164 (2) में उल्लिखित किसी अर्हकताओं को पूरा नहीं करते है। हां.....नहीं.....

(ख) यदि हां, तो उसके ब्यौरे प्रस्तुत करें .....

9. उक्त नियुक्ति का औचित्य.....

10. उक्त नियुक्ति के लिए पारित संकल्प का ब्यौरा

(क) बोर्ड संकल्प पारित करने की तारीख.....(कैलेंडर) (दिन/माह/वर्ष)

(ख) नामांकन समिति तथा पारिश्रमिक समिति के संकल्प की तारीख.....

(ग) सदस्यों के संकल्प की तारीख.....

11. कंपनी की वित्तीय स्थिति

(1) कंपनी द्वारा दाखिल तुलनपत्र तथा लाभ-हानि लेखों के अनुसार ठीक पिछले 3 वित्तीय वर्षों के लिए वित्तीय मापदंड .....(पूर्व पूरित)

IndiaCode

			(राशि रू. में)
विवरण	तुलन-पत्र की तारीख (दिन/माह/वर्ष)	तुलन-पत्र की तारीख (दिन/माह/वर्ष)	तुलन-पत्र की तारीख (दिन/माह/वर्ष) .....
दाखिल करने की तारीख (दिन/माह/वर्ष)			
प्रदत्त पूंजी			
आरक्षित और अधिशेष			
लाभ-हानि लेखा (नामे शेष)			
घरेलू कारबार			
आयात कारबार			
कुल आय			
प्रबंधकीय पारिश्रमिक			
कुल व्यय			
निवल लाभ या निवल हानि (कर और विनियोजन से पहले)			
आस्थगित कर समेत आयकर			
घोषित लाभांश (अंतरिम लांभाश समेत)			

IndiaCode

(2) अधिनियम की धारा 198 के तहत परिकलित किए गए निवल लाभ और हानि तथा तत्काल पिछले तीन वित्तीय वर्षों में भुगतान किए गए पारिश्रमिक के ब्यौरे

विवरण	समाप्त वर्ष के लिए आंकड़े	समाप्त वर्ष के लिए आंकड़े	समाप्त वर्ष के लिए आंकड़े
धारा 198 के तहत परिकलित किए गए लाभ और हानि			
उपर्युक्त लाभ का 11%			
सभी प्रबंधकीय कार्मिकों को भुगतान किया गया कुल पारिश्रमिक			

(राशि रू. में)

12. प्रत्येक निदेशक या प्रबंध निदेशक या पूर्णकालिक निदेशक या प्रबंधक के लिए पिछले 3 वित्तीय वर्ष के दौरान अलग-अलग भुगतान किया गया प्रबंधकीय पारिश्रमिक.....

* उपर्युक्त व्यक्तियों की संख्या जिन्हें पारिश्रमिक का भुगतान किया गया.....

(अधिकतम 5 व्यक्तियों के ब्यौरे यहां दिए जा सकते है। 5 से अधिक व्यक्ति होने की स्थिति में वैकल्पिक संलग्नक के रूप में ब्यौरे उपलब्ध कराएं)

(सर्वप्रथम सभी कार्यकारी निदेशकों तथा उसके बाद गैर-कार्यकारी निदेशकों से संबंधित ब्यौरे दें)

(i) डीआईएन/पीएएन ..... (पूर्व पूरित)

(ii) नाम .....

(iii) पदनाम.....

(iv) निदेशक की स्थिति में बताएं कि कार्यकारी है या गैर-कार्यकारी.....
.....कार्यकारी.....गैर-कार्यकारी

(v) तत्काल पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान आवेदक कंपनी द्वारा प्रबंधकीय कार्मिकों को भुगतान किया गया पारिश्रमिक निम्नलिखित हैः

अवधि		वेतन	पूर्वापेक्षा व भत्ते	कमीशन, बोनस तथा कार्य निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन	सेवानिवृत्ति लाभ	अन्य	कंपनी के कुल लागत	धारा 198 के तहत निवल लाभों का%	क्या सरकार का अनुमोदन प्राप्त किया है
से (दिन/माह/वर्ष)	तक (दिन/माह/वर्ष)								
(1)		(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)

13. (i) नियुक्त व्यक्ति या वह व्यक्ति जिसके लिए आवेदन दाखिल किया गया है, द्वारा किसी अन्य कंपनी में आवेदन दाखिल करने की तारीख से प्रति वर्ष पारिश्रमिक के ब्यौरे (पूर्वापेक्षा और कमीशन समेत):

कंपनी का सीआईएन	कंपनी का नाम (पूर्व पूरित)	पदनाम	राशि (रू. में)

IndiaCode

(ii) किसी अन्य क्षमता में उसके द्वारा कंपनी से प्राप्त पारिश्रमिक (पूर्वापेक्षा और कमीशन समेत) के ब्यौरे:

पदनाम	भुगतान की राशि	राशि(रू. में)

14. पारित किए गए संकल्प (संकल्पों) के ब्यौरे:

(क) बोर्ड संकल्प की तारीख.....(कैलेंडर) (दिन/माह/वर्ष)

(ख) नामांकन और पारिश्रमिक समिति के संकल्प की तारीख.....(कैलेंडर) (दिन/माह/वर्ष)

(ग) शेयरधारकों के संकल्प की तारीख.....(कैलेंडर) (दिन/माह/वर्ष)

संकल्प के प्रकार .....सामान्य .....विशेष

विशेष संकल्प की स्थिति में, प्रपत्र सं.एमजीटी.14 का एसआरएन

15. क्या कंपनी ने अनुसूची-V के भाग-II में निर्धारित 30 दिनों की निरंतर अवधि के लिए अपने ऋण (सार्वजनिक जमाराशियों समेत) या डिबेंचर या उस पर दिए जाने वाले ब्याज के पुनः भुगतान में कोई चूक की है .....हां.....नहीं

यदि हां, तो उसके ब्यौरे प्रस्तुत करें

.....

.....

16. निवल लाभ के 11% से ज्यादा होने पर पारिश्रमिक के भुगतान की स्थिति में

(क) चालू वर्ष का अनुमानित लाभ या हानि (धारा 198 के तहत परिकलित).....

(ख) उक्त लाभ का 11%.....

(ग) प्रस्तावित पारिश्रमिक.....

(घ) प्रस्तावित पारिश्रमिक संबंधी ब्यौरे

अवधि		वेतन	पूर्वापेक्षा व भत्ते	कमीशन, बोनस तथा कार्यनिष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन	सेवानिवृत्ति लाभ	अन्य	कंपनी को कुल लागत	धारा 198 के तहत निवल लाभों का%	क्या सरकार का अनुमोदन प्राप्त किया है।
से (दिन/माह/वर्ष)	तक (दिन/माह/वर्ष)								
(1)		(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)

(ङ) प्रस्ताव का औचित्य

.....

.....

17. कंपनी को शून्य लाभ या अपर्याप्त लाभ होने की स्थिति में,

(क) क्या कंपनी का विचार धारा 197 के तहत निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक या शून्य अथवा अपर्याप्त लाभ की स्थिति में न्यूनतम पारिश्रमिक का भुगतान करने का है (रेडियो बटन)

.....हां.....नहीं

नोटः उक्त बिंदु के तहत आवेदन के लिए अलग शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

(ख) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि को कंपनी अधिनियम की अनुसूची V के तहत परिकलित वास्तविक पूंजी (जो भी पहले हो)

.....

(ग) हानि या अपर्याप्त लाभ के कारण

.....

.....

(घ) प्रस्तावित पारिश्रमिक और उसके ब्यौरे :

अवधि		वेतन	पूर्वापेक्षा व भत्ते	कमीशन, बोनस तथा कार्य निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन	सेवानिवृत्ति लाभ	अन्य	कुल
से (दिन/माह/वर्ष)	तक (दिन/माह/वर्ष)						

(ङ) यदि प्रस्तावित पारिश्रमिक एक वर्ष से अधिक का है तो प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव की अवधि के लिए प्रत्येक वर्ष या उसकी अवधि के लिए उक्त पारिश्रमिक :

(क) अवधि		वेतन	पूर्वापेक्षा व भत्ते	कमीशन, बोनस तथा कार्य निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन	सेवानिवृत्ति लाभ	अन्य	कुल
से (दिन/माह/वर्ष)	तक (दिन/माह/वर्ष)						

IndiaCode

(च) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची V के खंड (खंड़ों) जिनका अनुपालन नहीं किया, के ब्यौरे, जिसकी वजह से वर्तमान आवेदन भरा जा रहा है.....

(छ) पारिश्रमिक में प्रस्तावित वृद्धि संबंधी ब्यौरे

.....

.....

(ज) प्रस्ताव का औचित्य

.....

अधित्याग

18. अधित्याग की स्थिति में,

1. भुगतान किए गए अतिरिक्त पारिश्रमिक के ब्यौरे:

(क) अवधि		भुगतान किया गया कुल पारिश्रमिक	कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत पात्रता	अतिरिक्त पारिश्रमिक का अधित्याग
से (दिन/माह/वर्ष)	तक (दिन/माह/वर्ष)			

IndiaCode

2. परिस्थितियां, जिसकी वजह से अधिकतम सीमा के बाद ऊपर उक्त राशि का भुगतान किया गया

.....

.....

3. अधित्याग का दावा करने के कारण

.....

.....

संलग्नक

1. पूर्ववर्ती लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-V के तहत परिकलित वास्तविक पूंजी के गणना पत्र की प्रति; **(संलग्न करें)**
2. *निदेशक मंडल के संकल्प की प्रति (प्रतियां) **(संलग्न करें)**
3. नामांकन तथा पारिश्रमिक समिति की इसके संघटक तथा पदनाम समेत संकल्प की प्रति तथा कंपनी की पारिश्रमिक नीति के अनुसार पारिश्रमिक प्रभावी करने हेतु उक्त समिति द्वारा प्रमाणपत्र; **(संलग्न करें)**
4. नोटिस और स्पष्टीकरण विवरण समेत पक्षकार/पक्षकारों के संकल्प की प्रति **(संलग्न करें)**

5. * अधिनियम की धारा 196 के अनुपालन के संबंध में लेखापरीक्षा या कंपनी सचिव या प्रैक्टिसरत कंपनी सचिव से प्रमाणपत्र **(संलग्न करें)**
6. कंपनी के निदेशक या कंपनी सचिव से उक्त प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति की तारीख से पहले पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में 30 दिनों की निरंतर अवधि के लिए ऋण (सार्वजनिक जमाराशियों या डिबेंचरों या उस पर दिए जाने वाले ब्याज समेत) का पुनः भुगतान करने में चूक न होने संबंधी प्रमाणपत्र **(संलग्न करें)**
7. वित्तीय संस्थान (संस्थानो) या बैंक (बैंकों) से अनापत्ति प्रमाणपत्र, जिसमें कंपनी चूककर्ता है **(संलग्न करें)**
8. पुनर्स्थापना या पुनर्वास की प्रति समेत बीआईएफआर या एनसीएलटी के आदेश की प्रति **(संलग्न करें)**
9. कंपनी और प्रस्तावित नियुक्त व्यक्ति के मध्य हुए प्रारूप करार की प्रति **(संलग्न करें)**
10. अखबार की क्लिपिंग जिसमें धारा 201 की उपधारा (क) का खंड (ख) के अनुसरण में नोटिस प्रकाशित किया गया **(संलग्न करें)**
11. नियुक्त व्यक्ति के विदेशी नागरिक होने की स्थिति में, रोजगार वीजा/ पासपोर्ट की प्रति **(संलग्न करें)**
12. शैक्षिक या व्यावसायिक अर्हताओं के प्रमाणपत्र की प्रतियां **(संलग्न करें)**
13. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची V के भाग-II की धारा-II तीसरे परंतुक की मद (iv) के अनुसार ब्यौरे **(संलग्न करें)**
14. अगले तीन वर्षों के लिए टर्नआवर और निवल लाभ का आकलन **(संलग्न करें)**
15. अधिनियम की धारा 198 के तहत अनुमानित लाभ का परिकलन **(संलग्न करें)**
16. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 (2) के अनुसरण में लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र **(संलग्न करें)**
17. विलंब हेतु माफी के लिए अधिनियम की धारा 164 (2) के तहत आवेदन **(संलग्न करें)**
18. नियुक्त व्यक्ति के जीवनवृत्त (बायोडाटा) समेत प्रस्ताव के पक्ष में पूर्ण और उपर्युक्त औचित्य **(संलग्न करें)**
19. प्रस्तावित नियुक्त व्यक्ति को नियुक्त/पुनर्नियुक्त करने समय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 196 के प्रावधानों के अनुपालन संबंधी दस्तावेजी प्रमाण **(संलग्न करें)**
20. इससे पहले अधिसूचित किए जाने पर पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत कंपनी सचिव या सीए/सीएस द्वारा प्रमाणपत्र **(संलग्न करें)**
21. ब्यौरे, यदि आवेदक कंपनी सूचीबद्ध कंपनी की अनुषंगी है **(संलग्न करें)**
22. नियुक्त व्यक्ति की दिए जाने वाले अतिरिक्त पारिश्रमिक की गणना समेत पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत सीए/सीएस से प्रमाणपत्र **(संलग्न करें)**
23. वैकल्पिक संलग्नक, यदि कोई हो **(संलग्न करें)**

IndiaCode

घोषणा

मैं कंपनी के निदेशक मंडल की संकल्प संख्या.....तारीख.....द्वारा इस प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत हूं तथा यह घोषित करता हूं कि इस प्रपत्र या इससे संबद्ध मामलों की विषयवस्तु के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बने नियमों की सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है। मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि ;

1. प्रपत्र और उसके संलग्नकों में दी गई सूचना सत्य, सही और पूर्ण है और इस प्रपत्र की विषयवस्तु से संबंधित कोई सूचना नही छिपाई गई है तथा सूचना कंपनी द्वारा रखे गए मूल अभिलेखों के अनुसार है।

2. सभी अपेक्षित संलग्नक पूर्ण और स्पष्ट रूप से प्रपत्र के साथ संलग्न किए गए है।

***डिजटल हस्ताक्षर करने हेतु** **(नीचे जाएं)** (डीएससी बॉक्स)

नोटः धारा 448 तथा 449 की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है जिसमें झूठे विवरण के लिए दंड तथा झूठे साक्ष्य के लिए दंड का प्रावधान है।

.....संशोधित..... फॉर्म चेक करें.....पूर्व संवीक्षा.....प्रस्तुत

सिर्फ कार्यालय प्रयोग हेतु .....(दायर करने संबंधी विवरण संबद्ध करें)

ई-फॉर्म सेवा अनुरोध सं. (एसआरएन).....ई –फॉर्म जमा करने की तारीख .....(दिन/माह/वर्ष)

प्राधिकृत अधिकारी के डिजीटल हस्ताक्षर

इस ई-फॉर्म को एतदद्वारा प्राधिकृत किया जाता है

इस ई-फॉर्म को एतदद्वारा अस्वीकृत किया जाता है

हस्ताक्षर की तिथि.....(दिन/माह/वर्ष) (जमा करने की पुष्टि करें)

IndiaCode

प्रपत्र संख्या एमआर-3

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

..... को समाप्त वित्त वर्ष के लिए

[*धारा 204(1) और नियम संख्या 9 के अनुसरण में*]

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

..... को समाप्त वित्त वर्ष के लिए

सेवा में,

सदस्य,

.....लिमिटेड

मैंने/हमने..... (कंपनी का नाम) (जिसे इसके बाद कंपनी कहा गया है) द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और अच्छे कारपोरेट व्यवहारों को अपनाने के संबंध में सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार की गई है जिससे मुझे/हमें कारपोरेट संचालनों/सांविधिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने और उस पर अपने विचार रखने का तर्कसंगत आधार प्राप्त हुआ।

.....(कंपनी का नाम) की बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त बहियों, प्रपत्रों और दायर विवरणियों तथा कंपनी द्वारा रखे गए अन्य अभिलेखों एवं सचिवीय लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना भी, मेरे/हमारे सत्यापन के आधार पर, मैं/हम एतदद्वारा यह रिपोर्ट करते हैं कि मेरे/हमारे विचार से कंपनी ने ....., ... को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान इसके नीचे सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी कि कंपनी में यहां की गई रिपोर्ट के तरीके और उसके अधीन उपयुक्त बोर्ड-प्रक्रियाएं और अनुपालन-तंत्र भी हैः

मैंने/हमने....., को समाप्त वित्त वर्ष के लिए ..... ("कंपनी") द्वारा रखे गए बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त बहियों, प्रपत्रों और दायर विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की निम्नलिखित कानूनों के प्रावधानों के अनुसार जांच की हैः

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(iii) निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और उसके अधीन बनाए गए विनियम और उप विधियां;

(iv) विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 और उसके अधीन बनाए गए नियम और विनियम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, सीमापार प्रत्यक्ष निवेश और विदेशी वाणिज्यिक उधारियों की सीमा तक;

(v) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अधीन विहित निम्नलिखित

विनियम और मार्ग निर्देश;

(क) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और टेकओवर) विनियम, 2011;

(ख) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (आंतरिक व्यापार का निषेध) विनियम, 1992;

(ग) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी जारी करना और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2009;

(घ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) मार्ग-निर्देश, 1999;

(ङ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियां जारी करना और सूचीकरण) विनियम, 2008;

(च) कंपनी अधिनियम और ग्राहकों से व्यवहार के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इश्यू के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट) विनियम, 1993;

(छ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों का असूचीकरण) विनियम, 2009;

(ज) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की पुनः खरीद) विनियम, 1998;

(vi) ..... (कंपनी की लेखापरीक्षा पर विशिष्ट रूप से लागू अन्य कानूनों का उल्लेख करें)

IndiaCode

मैंने/हमने निम्नलिखित लागू खंडों के अनुपालन की भी जांच की है:

(i) भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक।

(ii) कंपनी द्वारा ..... स्टॉक एक्सचेंज/एक्सचेंजों के साथ किए गए सूचीकरण समझौते, यदि लागू हों;

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित टिप्पणियों के अधीन ऊपर उल्लिखित अधिनियम, नियमों, विनियमों, मार्ग-निर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

टिप्पणी: उपर्युक्त पैरा-वार के संबंध में विशिष्ट गैर-अनुपालनों / टिप्पणियों / लेखापरीक्षा निष्कर्षों, कमियों अथवा विपरीत टिप्पणियों के रिपोर्ट दें।

मैं/हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि

कंपनी का निदेशक मंडल कार्यकारी निदेशकों, गैर-कार्यकारी निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों के उचित संतुलन के साथ विहित रूप से गठित है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में हुए परिवर्तन अधिनियम के उपबंधों के अनुपालन में किए गए थे।

बोर्ड की बैठकों की समय-सूची के संबंध में सभी निदेशकों को पर्याप्त सूचना दी जाती है, कार्यसूची और कार्यसूची पर विस्तृत नोट कम से कम सात दिन पहले भेजी गई थी और बैठक से पूर्व कार्यसूची मदों पर और सूचना तथा स्पष्टीकरण मांगने और प्राप्त करने एवं बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए तंत्र विद्यमान है।

बहुसंख्यक सदस्यों द्वारा लिए गए निर्णय पर कार्यवाही की जाती है, जबकि अलग मत रखने वाले सदस्यों के मतों

को लिखा और कार्यवृत्त के भाग के रूप में अभिलेखित किया जाता है।

मैं/हम यह भी रिपोर्ट करते है कि लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मार्ग-निर्देशों के अनुपालन की निगरानी करने और सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार और प्रचालनों के अनुरूप कंपनी में उपयुक्त तंत्र और प्रक्रियाएं हैं।

टिप्पणी: लेखापरीक्षा अवधि के संबंध में बोर्ड की संरचना / तंत्र और प्रक्रियाओं से संबंधित विशिष्ट टिप्पणियां / लेखापरीक्षा निष्कर्षों, कमियों और विपरीत टिप्पणियों की रिपोर्ट भी करें।

मैं/हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि

लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी ने..... कार्य किए गए हैं (ऊपर संदर्भित विधियों, नियमों, विनियमों, मार्ग-निर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कंपनी के कार्यों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले विशिष्ट कार्यक्रमों/ कार्यों का ब्यौरा दें)। उदाहरणार्थ :

(i) शेयरों / डिबेंचरों / स्वेट इक्विटी, आदि का सार्वजनिक / राइट / अधिमान इश्यू।

(ii) प्रतिभूतियों की ऋणमुक्ति / पुनः खरीद

(iii) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180 के अनुसरण में सदस्यों द्वारा लिए गए प्रमुख निर्णय

(iv) विलय / समामेलन / पुनः निर्माण, आदि

(v) विदेशी तकनीकी सहयोग

IndiaCode

स्थान: हस्ताक्षरः

दिनांक: पेशारत कंपनी सचिव/फर्म नामः

एसीएस/एपसीएस संख्या

सीपी संख्याः

टिप्पणी: लेखापरीक्षा निष्कर्षों के अनुच्छेद-वार ब्यौरे, यदि आवश्यक हों, रिपोर्ट के साथ उपाबंध में लगाए जाएं।

[फा. सं. 01/05/2013-सीएल-V]

रेणुका कुमार, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 31st March, 2014

G.S.R 249(E).— In exercise of the powers conferred under sub-section (4) of section 196**,** sub-section (5) of section 197, sub-section (12) of section 197, section 200, sub-section (1) of section 198, sub-section (1) of section 203, sub-section (1) of section 204 and sub-section (1) of section 205 of the Companies Act, 2013,read with sub-sections (1) and (2) of section 469 of the Companies Act, 2013 (18 of 2013) and in supersession of the Companies (Central Government's) General Rules and Forms, 1956 or any other relevant rules prescribed under the Companies Act, 1956 (1 of 1956) on matters covered under these rules, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government hereby makes the following rules, namely: -

1. Short title and commencement.-

(1) These rules may be called the Companies (Appointment and Remuneration of Managerial Personnel) Rules, 2014.

(2) They shall come into force on the 1st day of April, 2014.

2. Definitions.-(1) In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) ''Act'' means the Companies Act, 2013 (18 of 2013);

(b) ''Annexure'' means the Annexure to these rules;

(c) ''Fees'' means the fees as specified in the Companies (Registration offices and fees) Rules, 2014;

(d) ''Form'' or **"**e form" means a form set forth in Annexure to these rules which shall be used for the matter to which it relates;

(e) ''Regional Director'' means the person appointed by the Central Government in the Ministry of Corporate Affairs as a Regional Director;

(f) ''section'' means section of the Act.

(2) Words and expressions used in these rules but not defined and defined in the Act or in Companies (Specification of definitions details) Rules, 2014 shall have the meanings respectively assigned to them in the Act and said rules**.**

3. Filing of return of appointment.-A company shall file a return of appointment of a Managing Director, Whole Time Director or Manager, Chief Executive Officer (CEO), Company Secretary and Chief Financial Officer (CFO) within sixty days*of the appointment,* with the Registrar in Form No. **MR.1** along with such fee as may be specified for this purpose.

4. Sitting fees.-A company may pay a sitting fee to a director for attending meetings of the Board or committees thereof, such sum as may be decided by the Board of directors thereof which shall not exceed one lakh rupees per meeting of the Board or committee thereof:

Provided that for Independent Directors and Women Directors, the sitting fee shall not be less than the sitting fee payable to other directors.

